## एक नजर में

### मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह 17 एवं 18 सितम्बर को मंदसौर जिले के प्रवास पर रहेंगे

**मंदसौर।** अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने बताया कि जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह 17 एवं 18 सितम्?बर को मंदसौर जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार डॉ. शाह 17 सितम्बर को दोपहर 04¬30 बजे रतलाम से प्रस्थान कर सायं 06¬30 बजे मंदसौर पहुँचेंगे तथा यहां रात्रि विश्राम करेंगे। 18 सितम्बर को वे मंदसौर में आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम उपरांत मंत्री डॉ. शाह रात्रि 08¬00 बजे मंदसौर से इंदौर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### मंदसौर पुलिस द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान जारी



**मंदसौर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 8 से 22 सितंबर 2025 तक प्रदेशभर में चलाए जा रहे विशेष यातायात जागरूकता अभियान के तहत मंदसौर जिले में तीसरे दिन भी विभिन्न थाना क्षेत्रों में आमजन, विद्यालय एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री तेर सिंह बघेल एवं श्रीमती हेमलता कुरील के मार्गदर्शन में अभियान चलाया जा रहा है। थाना अफजलपुर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में, थाना भानपुरा में सरस्वती उमावि स्कूल में, थाना नई आबादी में आईटीआई कॉलेज में तथा चौकी चंदवासा में क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों व दर्शकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त शासकीय बालिका विद्यालय की छात्राओं को भी जागरूक किया गया। पुलिस ने सभी से नियमों का पालन कर सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने की अपील की।

### वायडी नगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 80 ग्राम एमडी ड्रग्स और 10 किलो डोडाचूरा जब्त

**मंदसौर।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देश पर मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए वायडी नगर पुलिस ने 16 सितंबर 2025 को बड़ी सफलता हासिल की। निरीक्षक संदीप सिंह मंगोलिया के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कलेक्टर रोड पर बिना नंबर की मोटरसाइकिल से तोहिद अली (23) निवासी चोमेला, गंगधार (राज.) को गिरफ्तार कर उससे 80 ग्राम एमडी ड्रग्स (कीमत ?4,00,000) और 10 किलो डोडाचुरा (कीमत ?20,000) जब्त किया। साथ ही बिना नंबर की मोटरसाइकिल भी कब्जे में ली गई।

पूछताछ में आरोपी ने मादक पदार्थ का स्रोत पुरसिंह निवासी गंगधार बताया, जो फरार है। दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी का अंतरराज्यीय नेटवर्क सामने आया है। वायडी नगर पुलिस की टीम की इस सराहनीय कार्यवाही की जिले में प्रशंसा की जा रही है। पुलिस मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कठोर कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### छात्र-छात्राओं को निङ शुल्क साइकिल वितरण का आयोजन



**नाहरगढ।** मंदसौर जिले के ग्राम नाहरगढ़ मे चार विधालय के विधार्थी शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नाहरगढ़, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नाहरगढ़, शासकीय हाईस्कूल कचनारा एवं शासकीय हाईस्कूल झलारा के विद्यार्थियों को शासकीय साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद भी अतिथि ने किया तथा उन्हें प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी हमारे देश का भविष्य हैं। पूरे मन से पढ़ाई करें, अपने लक्ष्य तय करें और निरंतर परिश्रम करते रहें। जब आप आगे बढ़ेंगे, तो न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व विधायक हरदीप सिंह डंग, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह गौड, सीतामऊ जनपद अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान, दीपक मंडलोई, महेश माली, राधेश्याम पाटीदार, मण्डल व पार्टी पदाधिकारीगण, जननेता, सभी विद्यालय का परिवार, स्टाफ सदस्यगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर संधारा में नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित

**भानपुरा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर, बुधवार के अवसर पर ग्राम पंचायत परिसर संधारा में नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया है। संधारा सरपंच चांदमल पाटीदार ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा। इसमें सभी नेत्र रोगियों की जांच कर दवाइयाँ, चश्मे आदि नि:शुल्क प्रदान किए जाएंगे।

नेत्र परीक्षण के बाद मोतियाबिंद ऑपरेशन के योग्य मरीजों को उसी दिन नीमच स्थित गौमाबाई नेत्रालय ले जाकर नि:शुल्क ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा दी जाएगी। इसके साथ ही बस द्वारा लाना-ले जाना भी पूरी तरह नि:शुल्क रहेगा। संधारा सरपंच चांदमल पाटीदार, उपसरपंच प्रतिनिधि ईश्वर गुर्जर, सचिव शोभाराम मेघवाल सहित ग्राम पंचायत की टीम ने ग्राम पंचायत संधारा और तहसील क्षेत्र के नेत्र पीड़ितों से अपील की है कि वे इस नि:शुल्क नेत्र शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने जीवन को सुखमय बनाएं।

### मलेरिया रोकथाम हेतु गम्बूसिया मछली छोड़ी गई

**मंदसौर।** जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा बताया गया कि, मलेरिया इलीमिनेशन ड्राइव कार्यक्रम चल रहा है। जिसमें 2030 तक मलेरिया इलीमिनेशन का लक्ष्य रखा गया। जिसके अंतर्गत मलेरिया नियंत्रण हेतु गम्बूसिया मछली मंगाकर जिले के विभिन्न अस्थाई एवं स्थाई जल स्त्रोतों में छोड़ी गई है। गम्बूसिया मछली मच्छरों के लार्वा भक्षण करने रोग नियंत्रण में सहायक है। इस हेतु मलेरिया विभाग द्वारा कार्ययोजना बनाकर जिले में 45000 हजार लार्वा भक्षी गम्बूसिया मछली का संचयन किया गया है। जिसमे मंदसौर शहरी क्षैत्र में - नरसिहंपुरा क्षैत्र शा.मा.वि. के पास कुएं में, सीमेंट पाइप फैक्ट्री के पानी में, कोर्ट परिसर की बावड़ी में, धोबी घाट पर, एवं मंदसौर जिले के 05 विकासखंड - मल्हारगढ, धुंधड़का, सीतामऊ, मेलखेड़ा व संधारा में छोडी गई।

# थाना भानपुरा पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाया

**भानपुरा/मंदसौर। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार दिनांक 08 सितंबर से 22 सितंबर 2025 तक पूरे मध्य प्रदेश एवं जिले में चलाए जा रहे यातायात जागरूकता और वाहन चेकिंग अभियान के अंतर्गत थाना भानपुरा पुलिस द्वारा व्यापक अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती हेमलता कुरील एवं एसडीओपी गरोठ विजय यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक आर.सी. डांगी के नेतृत्व में क्षेत्र में वाहन चेकिंग व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।**



अभियान के तहत आज सरस्वती बाल विद्या मंदिर भानपुरा के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, नशे में वाहन न चलाने तथा ओवरलोड वाहन न चलाने संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही छात्रों को स्वयं नियम पालन करने तथा अपने परिजनों को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई गई इसके अलावा बस स्टैंड क्षेत्र में दुकानदारों और सब्जी/फल ठेले वालों से यातायात बाधित न करने की समझाइश दी गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई। ओसारा, नीमथूर चौराहा, झालावाड़ बायपास और बस स्टैंड क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाकर अब तक 103 वाहन चालकों के खिलाफ चालान कर ?42,800 का जुर्माना वसूल किया गया है।

थाना प्रभारी आर.सी. डांगी ने नागरिकों से अपील की है कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें, नशे में वाहन न चलाएं और सड़क को अवरुद्ध न करें। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा ताकि सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सके और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



## स्मृति नागरिक सहकारी बैंक की दलौदा शाखा नए भवन में स्थानांतरित

### स्माल फाइनेंस बैंक बनने की दिशा में कदम

**दलौदा/ नाहरगढ/मंदसौर।** स्मृति नागरिक सहकारी बैंक ने अपनी दलौदा शाखा को नए सुसज्जित भवन में स्थानांतरित कर बैंकिंग सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। अब यह शाखा इन्द्र सदन, पुरानी सब्जी मंडी से स्थानांतरित होकर सर्वे नंबर 27/45, दलौदा चौपाटी, प्रगति चौराहा, महू-नीमच रोड पर कार्यरत होगी।

स्थानांतरित नए भवन का उद्घाटन बैंक के प्रतिष्ठित ग्राहक जवाहर लाल जैन द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष सुरेन्द्र नाहटा, निदेशक राहुल नाहटा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील पंजवानी, उप महाप्रबंधक राहुल कुमार, सलाहकार द्वय परमानन्द अग्रवाल एवं शिव कुमार व्यास, क्लस्टर हेड कमल रत्नावत, शाखा प्रबंधक महेंद्र चौधरी सहित बैंक स्टाफ और बड़ी संख्या में ग्राहक मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंजवानी ने बताया कि बैंक वर्तमान में वरिष्ठ नागरिकों को फिक्स्ड डिपॉजिट पर 8.25प्रतिशत ब्याज दे रहा है,

## कलेक्टर, एडीएम एवं सीईओ ने जनसुनवाई में सुनी 60 आवेदकों की समस्याएँ

**मंदसौर। जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन आज सुशासन भवन सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल एवं सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन ने उपस्थित होकर कुल 60 आवेदकों की समस्याएँ सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।**



जनसुनवाई के दौरान विभिन्न ग्रामीणों एवं नागरिकों ने अपनी समस्याएँ प्रस्तुत कीं। नापाखेड़ा निवासी नरसिंह ने भूमि की रजिस्ट्री अन्य नाम पर कराने एवं खेत पर कब्जा करने की धमकी की शिकायत की, जिस पर एसडीओपी मंदसौर को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार साबाखेड़ा निवासी किशोरीलाल ने भूमि का नक्शा दुरुस्ती हेतु आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर तहसीलदार मंदसौर को जांच कर निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। नावनखेड़ी निवासी कारूलाल ने शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर बोई गई सोयाबीन फसल को हटाने की शिकायत दर्ज कराई। इस पर तहसीलदार मंदसौर को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बरखेड़ा गंगासा निवासी रामसिंह ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत ऋण दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर सीईओ जनपद गरोठ को कार्यवाही के निर्देश दिए गए। वहीं, भाटरेवास निवासी लक्ष्मीबाई ने शासकीय भूमि पर पट्टा प्रदान किए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर सीईओ जनपद मंदसौर को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त संबल योजना प्रकरण, बी.पी.एल. राशन कार्ड बनवाने, विधवा पेंशन राशि का भुगतान, मनरेगा योजना अंतर्गत पशु शेड निर्माण, समयमान वेतनमान एरियर का भुगतान, फसल बीमा राशि दिलवाने तथा भूमि विवाद संबंधी अनेक प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी आवेदनों की गंभीरता से जांच कर समयसीमा में निराकरण किया जाए, जिससे आमजन को राहत मिल सके।

## एचआईवी-एड्स जनजागरूकता अभियान : युवाओं को किया जा रहा जागरूक



**गरोठ।** पंचशील एकेडमी में धार्मिक व सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता फैलाने में विद्यालय निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसी कड़ी में 16 सितंबर मंगलवार को एचआईवी-एड्स जनजागरूकता अभियान के तहत युवाओं को जागरूक किया गया। विद्यालय संचालक हेमंत पाटीदार ने बताया कि जिले में युवाओं को एचआईवी-एड्स के प्रति जागरूक करने हेतु 12 अगस्त से 12 अक्टूबर 2025 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें एनजीओ प्रतिनिधि, मेडिकल कॉलेज काउंसलर और जिला स्वास्थ्य विभाग की टीमें सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं।

कार्यक्रमों में नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, भाषण और संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों को एचआईवी-एड्स के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार की जानकारी दी जा रही है। पंचशील एकेडमी में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में शा. हॉस्पिटल से नवीन शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को एचआईवी-एड्स के प्रति जागरूक करना तथा समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना है। उन्होंने बताया कि एचआईवी संक्रमण असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त चढ़ाने, संक्रमित सुई के प्रयोग और गर्भवती महिला से नवजात तक फैल सकता है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि हाथ मिलाने, गले लगाने, भोजन साझा करने या साथ पढ़ने-लिखने जैसे सामान्य संपर्क से एचआईवी नहीं फैलता।

## सेवा समर्पण को समर्पित प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़े का भव्य शुभारंभ : दीक्षित

**मंदसौर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा फ्रसेवा समर्पणफ्र को समर्पित सेवा पखवाड़े का भव्य आयोजन जिला मुख्यालय मंदसौर सहित जिले के सभी मंडलों में किया जाएगा। यह आयोजन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में आयोजित होगा। सेवा पखवाड़े के जिला संयोजक शिवराजसिंह घटावदा ने बताया कि इसका शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ किया जाएगा।**



शुभारंभ कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय परिसर में प्रात: 09 बजे स्वच्छता अभियान एवं स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और संगठन पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इसके पश्चात प्रात: 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से देशभर के साथ मंदसौर जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजन के साथ सेवा समर्पण एवं सुशासन की कार्ययोजना पर दिशा-निर्देश देंगे। इसका श्रवण जिला चिकित्सालय परिसर के साथ-साथ जिले के सभी मंडलों में किया जाएगा।

प्रधानमंत्री के संबोधन के उपरांत भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जिला चिकित्सालय में रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। साथ ही जिले के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर भाजपा पदाधिकारीगणों की उपस्थिति में स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। स्वच्छता अभियान भी इस सेवा पखवाड़े का प्रमुख हिस्सा रहेगा।

सेवा पखवाड़े अंतर्गत नियुक्त जिला टोली के सभी सदस्यों से आग्रह किया गया है कि वे जिला भाजपा की कार्ययोजना के अनुरूप अपने-अपने मंडलों में सेवा कार्यों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कर कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक आगे बढ़ाएं।

**विशेष लेख** | **प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस पर विशेष**

# भारत के स्वाभिमान को जगाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी : उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा

**मंदसौर। भारत के नागरिक भाग्यशाली हैं कि वे भारत का नवनिर्माण होता देख रहे हैं। हर क्षेत्र में नया भारत बन रहा है। इन गौरवशाली क्षणों का श्रेय सशक्त और विश्व दृष्टि सम्पन्न प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। उन्होंने भारत के स्वाभिमान को जगाया है और आत्म-विश्वास को मजबूत किया है।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्म दिवस पर मध्यप्रदेश के नागरिकों की ओर से कोटि-कोटि बधाइयां और शुभकामनाएं। वे दीर्घायु हों और हमेशा हमें नेतृत्व प्रदान करते रहें। वे अपने जन्म दिवस पर मध्यप्रदेश को ऐसा उपहार देने आये हैं, जिससे प्रदेश और देश के इतिहास में एक नया पन्ना जुड़ रहा है। देश की महत्वाकांक्षी फ्रपीएम मित्र पार्क परियोजनाफ्र का भूमि-पूजन हो रहा है। यह पार्क मध्यप्रदेश के लिये अनमोल उपहार साबित होगा। हमारे कपास उत्पादक किसानों का जीवन बदलेगा और समृद्धिद के नये द्वार खुलेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी भारत के लिए वरदान साबित हुए हैं। भारत निराशा में डूबा राष्ट्र बनता जा रहा था। युवाओं में भी निराशा थी। व्यापार डूब रहा था। भ्रष्टाचार फैल रहा था। हमारी कोई वैश्वि क पहचान नहीं थी।

अर्थव्यवस्था में हम पिछड़ गये थे। प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही उन्होंने अविलंब विकासोन्मुखी कार्यों की शुरूआत कर दी। राष्ट्रवादी मूल्यों और संस्कृति में वे अच्छी तरह पल्लवित थे। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज भारत बदल रहा है। हर क्षेत्र में नये परिवर्तन हो रहे हैं। हमारी नीचे जाती अर्थव्यवस्था अब विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

प्रधानमंत्री मोदी एक युग-दृष्टा हैं। वे भविष्य को पहचान लेते



हैं और आने वाली चुनौतियों से निपटने की रणनीतियां तैयार रखते हैं। उन्होने विश्वपटल पर भारत की पहचान को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। मोदी जी का जीवन हमें निरंतर प्रेरणा देता है। साधारण परिवार में जन्म लेकर देशहित को सर्वोपरि मानते हुए वे जिस तरह जनसेवा के पथ पर अग्रसर हुए, वह असाधारण है। बचपन से ही राष्ट्रप्रेम और सेवा-भावना उनकी शक्ति रही। आज जब हम 21वीं सदी के भारत की कल्पना करते हैं, तब श्री मोदी जी का व्यक्तित्व और कार्यशैली एक मार्गदर्शक दीपस्तंभ के रूप में सामने आते हैं।

प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी ने भारत को केवल 'विकास' की दिशा में आगे नहीं बढ़ाया, बल्कि 'विश्वगुरु' बनने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए। स्वच्छ भारत अभियान से लेकर स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत तक मोदी जी की हर पहल जनता के कल्याण और देश को मजबूत बनाने का सशक्त कदम है। उन्होंने स्वदेशी अपनाने के लिये समस्त भारतीयों को प्रेरित किया है। श्री मोदी को देश की युवा शक्तियो और उनके कार्य कौशल पर अटूट भरोसा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने भारत की साख को इतना ऊँचा उठाया है कि आज पूरा विश्व भारत के नेतृत्व को सम्मान की दृष्टि से देखता है। त्न20 की अध्यक्षता, अंतरिक्ष विज्ञान में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ, सीमा सुरक्षा की सुदृढ़ता और गरीब कल्याण की योजनाएँ उनके नेतृत्व की गाथा को अमर कर रही हैं। ऑपरेशन सिंदूर से विश्व पटल पर भारत की एक अलग छवि बनी है।

मध्यप्रदेश में भी मोदी जी की नीतियों और दूरदर्शिता का सीधा लाभ जनता को मिला है। प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि निऱ्शुल्क राशन, जैसी योजनाओं ने करोड़ों परिवारों का जीवन बदला है।

गाँव-गाँव तक सड़क, बिजली, पानी और डिजिटल कनेक्टिविटी पहुँचाना मोदी जी के संकल्प और अथक परिश्रम का परिणाम है।।

एक अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण में पीएम मोदी को 75 प्रतिशत 'अप्रूवल रेटिंग' मिली है। यह रेटिंग उन्हें 20 देशों के शीर्ष नेताओं की सूची में सबसे ऊपर रखती है। विशेषज्ञों का कहना है कि श्री मोदी की लोकप्रियता का कारण उनकी मजबूत अंतरराष्ट्रीय छवि, निर्णय लेने की क्षमता और भारत के घरेलू और वैश्विक हितों पर आधारित स्पष्ट नीतियां हैं। यह इस बात का संकेत है कि भारत न केवल वैश्विक राजनीति में तेजी से उभर रहा है बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी स्वीकृति मिल रही हैं। ऑपरेशन सिंदूर और जीएसटी सुधार से पूरे विश्व में भारत के प्रति दृष्टिकोण बदल गया है।

प्रधानमंत्री के रूप में उन्होने सबका विश्वास जीता है। हर वर्ग को राष्ट्र निर्माण के लिये प्रेरित और प्रोत्साहित करने के कई कार्यक्रम शुरू किए गए हैं।

प्रधानमंत्री श्रीके निर्णयों का परिणाम अब हमारे सामने आने लगा है। उदाहरण के लिए भारत अब डिजिटल इंडिया के रूप में जाना जाने लगा है। लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के लिये उठाये गये कदमों का सकारात्मक प्रभाव दिखने लगा है। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच गांव-गांव तक हुई है।